समाचार

# जनशिकायतों का निराकरण समयसीमा में हो, यह सुनिश्चित करें–आयुक्त

(आयुक्त श्री राहुल देव ने ली अधिकारियों की बैठक, समयसीमा के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की, कार्यो में आवश्यक प्रगति लाने, जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने पर दिया बल)



कोरबा 03 अक्टूबर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनशिकायतों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें, जनसमस्याओं के प्रति पूरी संवेदनशीलता दिखाते हुए उनके निराकरण के कार्य पूरी तत्परता के साथ पूर्ण कराएं तथा जन सुविधा से जुड़े एवं आवश्यक विकास व निर्माण कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराएं।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री राहुल देव ने आज निगम अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज आयुक्त श्री राहुल देव ने समयसीमा की बैठक ली तथा टी.एल. के प्रकरणों, मुख्यमंत्री जनचौपाल से संबंधित प्रकरणों, निदान 1100 के तहत प्राप्त शिकायतों तथा विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित प्राप्त पत्रों के निराकरण के कार्य प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। इस दौरान भवन निर्माण अनुमति, नल कनेक्शन, अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण, पेंशन प्रकरण, जन्म–मृत्यु पंजीयन, पेयजल एवं जलापूर्ति, स्ट्रीट लाईट संधारण, सिटी बस संचालन, साफ–सफाई से संबंधित शिकायतें, रोड, नाली, नाला निर्माण, शौचालय निर्माण सहित अन्य विविध विषयों से संबंधित शिकायतों, समस्याओं तथा प्राप्त पत्रों के निराकरण की विषयवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण किए जाने के निर्देश

अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री देव ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सिवरेज लाईन सफाई कार्य, हैंण्डपम्प मरम्मत, राशन कार्ड, आवारा पशु नियंत्रण, सी.एण्ड डी.वेस्ट सहित अन्य विषयों से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निराकरण कार्य की भी समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के प्रति अधिकारीगण पूर्ण रूप से संवेदनशील रहें तथा इनका निराकरण पूरी निष्ठा व गंभीरता के साथ कराएं।

<u>सड़कों की मरम्मत के कार्य प्रारंभ कराएं</u>– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने निगम के जोन कमिश्नरों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों के गड्ढे भरे जाने के कार्य में तेजी लाएं तथा जोन में स्थित सड़कों में जहां–जहां पर मरम्मत के कार्य आवश्यक हैं, वहां का तुरंत सर्वे कर एक सप्ताह के भीतर सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कराएं, बारिश का मौसम अब लगभग समाप्ति की ओर है, अतः सड़कों के डामरीकरण के कार्यो की तैयारी भी प्रारंभ करें। उन्होने निर्देश दिए कि परफार्मेश गारंटी के तहत जहां पर कार्य कराया जाना हैं, उन कार्यो को त्वरित रूप से प्रारंभ कराएं, यदि संबंधित निर्माण एजेंसी कार्यो का संपादन नहीं करती तो समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें।

<u>चौक–चौराहों की सफाई कराएं</u>– आयुक्त श्री देव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चौक–चौराहों डिवाईडरों में जहां–जहां उद्यानिकी कार्य किए गए हैं, वहां की साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें, उगी हुई घांस को हटाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि चौक–चौराहें साफ व स्वच्छ रहें। उन्होने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी स्ट्रीट लाईटों की नियमित मानीटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि लगाई गई सभी स्ट्रीट लाईट नियमित रूप से चालू रहें, ताकि सड़कों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था बनी रहे।

<u>विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा</u>– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो की जोनवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रगतिरत कार्यो को निर्धारित समयसीमा में पूरा कराएं, जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, उनके कार्यादेश देकर कार्यो को प्रारंभ कराएं। सी.एस.ई.बी.चौक से ध्यानचंद चौक तक बनाई जा रही फोरलेन सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाएं तथा विभिन्न जोन में जो विकास कार्य रूके हुए हैं, उन्हें त्वरित गति से प्रारंभ कराएं।

<u>सी.टी.पी.टी. की व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखें</u>– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने निगम क्षेत्र में संचालित सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा जोन के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने–अपने क्षेत्रांतर्गत सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था पर कड़ी नजर रखें सभी उप अभियंता सप्ताह में दो दिन अपने–अपने क्षेत्र के सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण करें, जहां कहीं भी अव्यवस्था व साफ–सफाई का अभाव दिखें तो तुरंत सुलभ इंटरनेशनल के स्थानीय प्रबंधक श्री साही को मोबाईल नं. 9131377387 पर व्यवस्थाओं को सुधारने के तत्काल निर्देश दें।

<u>साफ–सफाई कार्यो की सतत मानीटरिंग हों</u>– आयुक्त श्री देव ने जोन कमिश्नरों एवं स्वच्छता विभाग केअधिकरियों, निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि साफ–सफाई व्यवस्था से जुड़े कार्यो की नियमित रूप से मानीटरिंग हों, स्वच्छता कार्यो में और अधिक बेहतरी लायी जाए, डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण को और अधिक बेहतर बनाया जाए तथा एस.एल.आर.एम.सेंटर में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षक अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता एम.के. वर्मा, ए.के.शर्मा, आर.के. चौबे, आर.के.माहेश्वरी, भूषण उरांव, आर.के. भोजासिया, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, तपन तिवारी, एन.के. नाथ, अखिलेश शुक्ला, राकेश मसीह, योगेश राठौर, विनोद शांडिल्य, राजेश पाण्डेय, प्रकाश चन्द्रा, संजीव बोपापुरकर, प्रोग्रामर जमुना नायक, आनंद राठौर, रूचि साहू आदि के साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।